# पुनरावर्तन-2

**प्रश्न 1. निम्नलिखित परिच्छेद का शुद्ध रूप से पठन और लेखन कीजिए :**

अच्छी सोसाइटी यदि मिले तो उसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है और इससे आत्मसंस्कार होता है। सोसाइटी में सम्मिलित होने से हमारी समझ बढ़ती है, हमारी विवेकबुद्धि तीव्र होती है, हमारी सहानुभूति गहरी होती है, हमें अपनी शक्तियों के उपयोग का अभ्यास होता है। हम अपने साथियों के साथ मिलकर बढ़ना सीखते हैं। इसी प्रकार हम दूसरों का ध्यान रखना उनके लिए कुछ स्वार्थ त्याग करना, सद्‌गुणों का आदर करना और सदाचार की प्रशंसा करना सीखते हैं। आत्मसंस्काराभिलाषी युवक को उस चाल-व्यवहार की अवहेलना नहीं करनी चाहिए जो भले आदमियों के समाज में आवश्यक समझा जाता है।

**प्रश्न 2. रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए :**

एक कंजूस के पास काफी सोना – बक्से में भरकर खेत में गाड़ देना – रोज रात के समय गिनना – चोर का देख लेना – अशरफियों के बदले पत्थर भर देना – दूसरे दिन कंजूस का रोना – एक बूढ़े की सलाह, 'अब पत्थर गिन लेना।'

**प्रश्न 3. चित्र देखकर दिए गए शब्दों की सहायता से चार-पाँच वाक्य लिखिए :**

बच्चे, खुश, खेल, चिड़ियाँ, डाली, मुस्कराते, सुंदर, खरगोश



..........................................................................................................

..........................................................................................................

....................................................................................................................

....................................................................................................................

....................................................................................................................

....................................................................................................................

....................................................................................................................

....................................................................................................................

**प्रश्न 4.** एक दिन निखिल के पिताजी कुछ काम से बाहर गए थे। वह अपनी माँ के साथ सोया हुआ था। आधी रात को जब उसकी नींद उड़ गई तो देखा घर में चोर घुसे हुए थे। तिजोरी से गहने चुरा रहे थे। कुछ देर सोचने के बाद निखिल को उपाय सूझा....

**(अब आप इस कहानी को आगे बढ़ाइए)**


❁

## स्व–अध्ययन

- हमारे देश में असंख्य नदियाँ हैं । इनमें से बारह प्रमुख नदियों के नाम नीचे के चित्र में दिए हैं । वे नदियाँ मुख्यत: जिन प्रदेशों की भूमि सींचती हैं, उनके नाम हैं – उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, बिहार, प. बंगाल, कर्नाटक, तामिलनाडु और केरल ।

  झटपट बुद्धि लगाइए और **उन बारह नदियों के नाम खोजिए ।**

  आपकी सुविधा के लिए इतना बता दें कि उन नदियों के नाम निम्नलिखित अक्षरों से शुरू होते हैं – ग, स, द, क, त, प, य और ब ।



## स्व-लेखन

- **अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों के अनियंत्रित कटाव को रोकने के लिए जिलाधिकारी को एक पत्र लिखिए ।**

## स्व-लेखन

- पाठ्यपुस्तक में दिए गए दोहों के अलावा कबीर, रहीम और तुलसीदास जी के और तीन-तीन दोहे पुस्तकालय में जाकर खोजें और लिखें।

## स्व-लेखन

- **अख़बार में पढ़े हुए या दूरदर्शन पर देखे-सुने हुए पाँच विज्ञापनों के बारे में लिखिए ।**